Adda247
GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 11/08/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** फरवरी 2025 में राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारत ने किस देश के साथ 'साइक्लोन-III' नामक संयुक्त सैन्य अभ्यास किया?

Ans
✗ 1. जापान
✗ 2. सिंगापुर
✓ 3. मिस्र
✗ 4. फ्रांस

**Q.2** सार्वजनिक क्षेत्र का कौन-सा संगठन, भारत में भूतल परिवहन सेवाओं का सबसे बड़ा प्रदाता है?

Ans
✓ 1. भारतीय रेलवे
✗ 2. राज्य परिवहन निगम
✗ 3. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI)
✗ 4. भारतीय नौवहन निगम

**Q.3** निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व, p-ब्लॉक में पाया जाता है?

Ans
✗ 1. क्रोमियम
✓ 2. नाइट्रोजन
✗ 3. बेरियम
✗ 4. सोडियम

**Q.4** निम्नलिखित में से कौन-सी, कंप्यूटर में प्राथमिक मेमोरी की एक विशेषता है?

Ans
✓ 1. यह प्रोसेसिंग के दौरान त्वरित एक्सेस के लिए डेटा को अस्थायी रूप से रखती है।
✗ 2. यह द्वितीयक मेमोरी से धीमी होती है।
✗ 3. यह डेटा को स्थायी रूप से संग्रहीत करती है।
✗ 4. इसका उपयोग फ़ाइलों का बाह्य बैकअप लेने के लिए किया जाता है।

**Q.5** भूमध्य रेखा के आसपास के उस क्षेत्र को क्या कहते हैं, जहाँ दोनों गोलार्धों से आने वाली व्यापारिक पवनें अभिसरित होती हैं?

Ans
✗ 1. उपोष्ण उच्चादाब
✗ 2. ध्रुवीय वाताग्र
✗ 3. हॉर्स अक्षांश
✓ 4. अंत:उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र (ITCZ)

Adda247

# Test Prime

## ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

**80,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**600+** Exam Covered

**20,000+** Previous Year Papers

**500%** Refund

IBPS

NABARD

**ATTEMPT FREE MOCK NOW**

Q.6 मई 2025 में उपज और उत्पादकता में सुधार के लिए विकसित जीनोम-एडिटेड (genome-edited) चावल की किस्म का नाम क्या है?

Ans
1. IR64 और स्वर्ण Sub1
2. DRR धान 100 (कमला) और पूसा DST चावल 1 ✔
3. सांबा महसूरी और MTU 1010
4. मालविया मनीला सिंचित धान-1 और पूसा बासमती 1121

Q.7 नीचे दिए गए विकल्पों में से, भारत के मिज़ोरम राज्य में मुख्य रूप से बोली जाने वाली भाषा की पहचान कीजिए।

Ans
1. लुशाई (Lushai)
2. मिज़ो (Mizo) ✔
3. निशि (Nissi)
4. आओ (Ao)

Q.8 निम्नलिखित में से किस वेद में विश्ववारा, अपाला और घोषा जैसी कुछ महिला विद्वानों का नाम उल्लिखित है, जिन्होंने मंत्रों की रचना की थी और ऋषि का पद प्राप्त किया था?

Ans
1. यजुर्वेद
2. सामवेद
3. ऋग्वेद ✔
4. अथर्ववेद

Q.9 फरवरी 2021 में, निम्नलिखित में से किसमें संशोधन किया गया जिससे सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, रोपवे और वैकल्पिक गतिशीलता समाधानों (Ropeways and Alternate Mobility Solutions) के विकास की देखभाल करने में भी सक्षम होगा?

Ans
1. भारत सरकार (कार्य आवंटन) नियम 1961 ✔
2. भारत सरकार (कार्य आवंटन) नियम 1981
3. भारत सरकार (कार्य आवंटन) नियम 1971
4. भारत सरकार (कार्य आवंटन) नियम 1951

Q.10 मई 2025 में, नए वाइस चीफ ऑफ द एयर स्टॉफ के रूप में किसने कार्यभार संभाला?

Ans
1. एयर मार्शल नागेश कपूर
2. एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ✔
3. एयर मार्शल विजय कुमार गर्ग
4. एयर मार्शल सुजीत पुष्पाकर धारकर

Q.11 2025 में निम्नलिखित में से किस स्थान पर पहली बार खेलो इंडिया बीच गेम्स की मेजबानी की गई?

Ans
1. कोच्चि
2. चेन्नई
3. दीव ✔
4. गोवा

Q.12 प्लैज्मोडियम (Plasmodium) की सबसे प्राणघातक प्रजाति कौन-सी है, जो मनुष्यों में मलेरिया के फैलाव का कारण बनती है?

Ans
1. प्लैज्मोडियम नोलेसी (Plasmodium knowlesi)
2. प्लास्मोडियम फाल्सीपेरम (Plasmodium falciparum) ✔
3. प्लैज्मोडियम इनुई (Plasmodium inui)
4. प्लैज्मोडियम ओवेल (Plasmodium ovale)

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.13** समाज में नियमों का कानूनी रूप से लागू होना क्यों आवश्यक है?

Ans
✔ 1. यह आश्वासन देता है कि दूसरे लोग नियमों का पालन करेंगे।
✘ 2. यह केवल पुलिस को ही शक्ति देता है।
✘ 3. अल्पसंख्यकों को सज़ा देने के लिए।
✘ 4. ताकि लोग बिना किसी डर के उन्हें तोड़ सकें।

**Q.14** उस परिघटना को क्या कहते हैं, जब एक तार बर्फ के एक टुकड़े को बिना विपाटित किए हुए गुजरा जाता है और तार गुजरने के बाद, जल पुनः जम जाता है?

Ans
✘ 1. संलयन
✔ 2. पुनर्हिमायन
✘ 3. संघनन
✘ 4. ऊर्ध्व पातन

**Q.15** भारतीय आर्थिक संदर्भ में निजीकरण का क्या अर्थ है?

Ans
✔ 1. सरकारी कंपनियों को निजी कंपनियों को बेचना
✘ 2. सभी नौकरियों को सरकारी बनाना
✘ 3. किसानों को अधिक सब्सिडी देना
✘ 4. सभी बैंकों का राष्ट्रीयकरण करना

**Q.16** पंचायती राज में जिला स्तर पर कौन-सा निकाय शीर्ष निकाय के रूप में कार्य करता है?

Ans
✔ 1. ज़िला परिषद
✘ 2. नगर निगम
✘ 3. पंचायत समिति
✘ 4. ग्राम पंचायत

**Q.17** लौह एवं इस्पात उद्योग को आधारभूत उद्योग क्यों कहा जाता है?

Ans
✔ 1. क्योंकि यह अन्य उद्योगों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए आवश्यक कच्चे माल, मशीनरी और टूल प्रदान करता है
✘ 2. क्योंकि यह अन्य उद्योगों के लिए कच्चा माल प्रदान करता है
✘ 3. क्योंकि यह मुख्यतः घरेलू उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन करता है
✘ 4. क्योंकि यह प्राकृतिक रूप से उपलब्ध लौह अयस्कों को प्रोसेस करता है

**Q.18** भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद धन विधेयक को परिभाषित करता है?

Ans
✘ 1. अनुच्छेद 117
✘ 2. अनुच्छेद 112
✘ 3. अनुच्छेद 105
✔ 4. अनुच्छेद 110

**Q.19** 'लाइसेंस राज (License Raj)' शब्द भारतीय अर्थव्यवस्था के किस क्षेत्र से संबंधित है?

Ans
✘ 1. विदेश व्यापार
✔ 2. उद्योग
✘ 3. सेवाएं
✘ 4. कृषि

**Q.20** आप्रवास और विषयक विधेयक 2025, निम्नलिखित में से किस अधिनियम को निरस्त करता है?

Ans
✘ 1. आप्रवास (वाहक-दायित्व) संशोधन अधिनियम, 2005
✘ 2. विदेशी अभिदाय (विनियमन) अधिनियम, 2010
✔ 3. पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम, 1920
✘ 4. उत्प्रवास अधिनियम, 1983

Q.21 बंदे मातरम षड्यंत्र मामले में, अरबिंदो घोष के विरुद्ध साक्ष्य देने से इनकार करने के कारण निम्नलिखित में से किसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था?

Ans
1. कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी
2. बिपिन चंद्र पाल ✔
3. गरिमेला सत्यनारायण
4. पीर अली खान

Q.22 जम्मू और कश्मीर में किस नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल बनाया गया है?

Ans
1. ब्यास
2. चिनाब ✔
3. झेलम
4. रावी

Q.23 देवी आंदोलन भारत के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में हुआ था?

Ans
1. पूर्वी मध्य प्रदेश
2. उत्तरी गुजरात
3. दक्षिणी गुजरात ✔
4. पश्चिमी महाराष्ट्र

Q.24 मई 2025 में, एक भारतीय चिकित्सा दल ने एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन में योगदान दिया, जिसमें प्रदर्शित किया गया कि AI दो सप्ताह पहले ही जानलेवा हृदय अतालता का अनुमान लगा सकता है। AI मॉडल मुख्यत: किस स्थिति का अनुमान लगाने के लिए डिज़ाइन किया गया था?

Ans
1. एट्रियल फ़िब्रिलेशन (Atrial Fibrillation)
2. हार्ट ब्लॉक (Heart Block)
3. फास्ट वेंट्रिकुलर टैचीकार्डिया (Fast Ventricular Tachycardia) ✔
4. ब्रैडीकार्डिया (Bradycardia)

Q.25 निम्नलिखित में से किसने, ब्रिटिश इंडिया स्टीम नेविगेशन कंपनी को चुनौती देने के उद्देश्य से दक्षिणी तमिलनाडु के एक तटीय शहर तूतीकोरिन से स्वदेशी स्टीम नेविगेशन कंपनी (SSNCo) को प्रचारित किया, उसके लिए धन जुटाया और उसका संचालन किया?

Ans
1. अल्लूरी सीताराम राजू
2. वेलु नाचियार
3. वीओ चिदंबरम पिल्लई ✔
4. गरिमेला सत्यनारायण

Q.26 निम्नलिखित में से कौन-सा, लैपटॉप पर प्रायः उपयोग किए जाने वाले ऑपरेटिंग सिस्टम का उदाहरण है?

Ans
1. एडोब फोटोशॉप (Adobe Photoshop)
2. माइक्रोसॉफ्ट वर्ड (Microsoft Word)
3. विंडोज 11 (Windows 11) ✔
4. गूगल क्रोम (Google Chrome)

Q.27 निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य का नीति निर्देशक सिद्धांत, 44वें संशोधन अधिनियम, 1978 द्वारा जोड़ा गया था?

Ans
1. पर्यावरण और वन्यजीवों का संरक्षण और सुधार
2. गरीबों को मुफ्त कानूनी सहायता का प्रावधान
3. औद्योगिक प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी
4. व्यक्तियों और समूहों के बीच आय और स्थिति में असमानताओं में कमी ✔

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.28 सिंधु घाटी नगर नियोजन की कौन सी विशेषता सभ्यता की उन्नत नागरिक सुविधाओं और अभियांत्रिकी कौशल का संकेत देती है?

Ans
- ✗ 1. भूमिगत रेलमार्ग
- ✗ 2. चट्टान-काट गुफाएँ
- ✓ 3. जल निकासी प्रणालियाँ
- ✗ 4. मंदिर

Q.29 2025 में लॉन्च के दौरान जीनोम इंडिया डेटा (Genome India data) आधिकारिक तौर पर कहां आयोजित किया गया?

Ans
- ✗ 1. हेल्थटेक डेटा रिपॉजिटरी
- ✗ 2. भारतीय विज्ञान सूचना केंद्र
- ✓ 3. भारतीय जैविक डेटा केंद्र
- ✗ 4. राष्ट्रीय जीनोम संग्रह

Q.30 निम्नलिखित में से कौन-सा महाद्वीप, पूर्णतः दक्षिणी गोलार्ध में स्थित है?

Ans
- ✗ 1. अफ्रीका
- ✓ 2. ऑस्ट्रेलिया
- ✗ 3. दक्षिण अमेरिका
- ✗ 4. यूरोप

Q.31 2025 अंतर्राष्ट्रीय आइस हॉकी महासंघ (IIHF) विश्व चैम्पियनशिप में संयुक्त राज्य अमेरिका ने किस टीम को हराकर स्वर्ण पदक जीता?

Ans
- ✓ 1. स्विट्जरलैंड (Switzerland)
- ✗ 2. स्वीडन (Sweden)
- ✗ 3. कनाडा (Canada)
- ✗ 4. फिनलैंड (Finland)

Q.32 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, मंत्रिमंडल और मंत्रिपरिषद के बीच सही अंतर करता है?

Ans
- ✗ 1. मंत्रिपरिषद में प्रधानमंत्री शामिल नहीं होते हैं
- ✓ 2. मंत्रिमंडल में वरिष्ठ मंत्री शामिल होते हैं, जबकि परिषद में सभी श्रेणियों के मंत्री शामिल होते हैं
- ✗ 3. मंत्रिमंडल बड़ा होता है और इसमें सभी मंत्री शामिल होते हैं, जबकि परिषद एक छोटा समूह होता है
- ✗ 4. मंत्रिमंडल, कार्यपालिका का हिस्सा नहीं होता, लेकिन परिषद कार्यपालिका का हिस्सा होती है

Q.33 भारत के पारंपरिक हस्तशिल्प उद्योगों के पतन के लिए प्रायः किस औपनिवेशिक नीति को दोषी ठहराया जाता है?

Ans
- ✓ 1. विऔद्योगीकरण नीति
- ✗ 2. ज़मींदारी व्यवस्था
- ✗ 3. व्यपगत का सिद्धांत
- ✗ 4. हरित क्रांति

Q.34 55वीं विश्व आर्थिक मंच वार्षिक बैठक, 2025, कहाँ आयोजित की गई?

Ans
- ✗ 1. ब्राज़ील
- ✗ 2. पेरू
- ✓ 3. स्विट्जरलैंड
- ✗ 4. बेल्जियम

Q.35 2025 दिल्ली कैबिनेट में शिक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री के रूप में किसने शपथ ली?

Ans
- ✗ 1. मनजिंदर सिंह सिरसा
- ✓ 2. रेखा गुप्ता
- ✗ 3. मीनाक्षी लेखी
- ✗ 4. आशीष सूद

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.36 खेलों में मानव संसाधन विकास योजना का लक्ष्य क्या है?

Ans
✔ 1. खेल पेशेवरों का प्रशिक्षण और विकास
✘ 2. चपल तैराकों के लिए स्विमिंग पूल का निर्माण
✘ 3. युवाओं के लिए फिटनेस क्लब स्थापित करना
✘ 4. भारत के प्रत्येक हिस्से में जिम का निर्माण

Q.37 ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में, भारत का स्थान कौन-सा था?

Ans
✘ 1. 147 देशों में से 130वाँ स्थान
✘ 2. 148 देशों में से 129वाँ स्थान
✔ 3. 148 देशों में से 131वाँ स्थान
✘ 4. 150 देशों में से 135वाँ स्थान

Q.38 जनवरी 2025 में, कितने खिलाड़ियों को वर्ष 2024 के लिए मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

Ans
✔ 1. 04
✘ 2. 03
✘ 3. 06
✘ 4. 05

Q.39 नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग सतत विकास में किस प्रकार योगदान देता है?

Ans
✘ 1. यह ऊर्जा कम्पनियों को असीमित लाभ प्रदान करता है।
✘ 2. इससे प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से क्षीण होता है।
✘ 3. इससे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता बढ़ती है।
✔ 4. इससे पर्यावरण प्रदूषण कम होता है और संसाधनों का संरक्षण होता है।

Q.40 भारत का कौन-सा पड़ोसी देश, हिंद महासागर में एक द्वीप राष्ट्र है?

Ans
✘ 1. म्यांमार
✘ 2. नेपाल
✘ 3. भूटान
✔ 4. मालदीव

Adda247

Section : **Mathematics**

Q.1 एक बेलन की त्रिज्या 20% कम कर दी गई है जबकि इसकी ऊंचाई 40% बढ़ा दी गई है। इसके आयतन में प्रतिशत परिवर्तन ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 10.4% कमी
✘ 2. 12% वृद्धि
✘ 3. कोई वृद्धि या कमी नहीं होगी।
✘ 4. 14.2% वृद्धि

Q.2 20% और 10% की दो क्रमिक छूट का लाभ उठाकर, एक ग्राहक को ₹23,800 की छूट मिली। वस्तु का अंकित मूल्य निर्धारित करें।

Ans
✘ 1. ₹75,000
✔ 2. ₹85,000
✘ 3. ₹90,000
✘ 4. ₹80,000

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.3 50 पुस्तकों का विक्रय मूल्य 19 पुस्तकों के क्रय मूल्य के बराबर है। हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 62% हानि
✗ 2. $\frac{100}{31}\%$ लाभ
✗ 3. 62% लाभ
✗ 4. $\frac{100}{31}\%$ हानि

Q.4 निम्न को सरल कीजिए:

$$\frac{\cos\alpha}{1-\sin\alpha}-\frac{1+\sin\alpha}{\cos\alpha}$$

Ans
✔ 1. $0$
✗ 2. $1$
✗ 3. $\cos^2\alpha$
✗ 4. $\sin^2\alpha$

Q.5 ₹638 की धनराशि को तीन व्यक्तियों के बीच 5 :17 : 7 के अनुपात में बांटा जाता है। बंटन में सबसे बड़े हिस्से और सबसे छोटे हिस्से के बीच का अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 170
✗ 2. 190
✔ 3. 264
✗ 4. 331

Q.6 एक जिले की जनसंख्या 356000 है, जिसमें से 178000 पुरुष हैं। 39% जनसंख्या साक्षर है। यदि 59% पुरुष साक्षर हैं, तो कितने प्रतिशत महिलाएँ साक्षर हैं?

Ans
✔ 1. 19%
✗ 2. 17%
✗ 3. 21%
✗ 4. 16%

Q.7 $182^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 33124
✗ 2. 33084
✗ 3. 33094
✗ 4. 33074

Q.8 संख्या 956169 निम्नलिखित में से किससे विभाज्य है?

Ans
✗ 1. 12
✗ 2. 4
✔ 3. 3
✗ 4. 2

Q.9 दो क्रमागत सम प्राकृतिक संख्याओं के वर्गों का योग 1460 है। संख्याओं का योग कितना है?

Ans
✗ 1. 58
✗ 2. 60
✗ 3. 56
✔ 4. 54

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.10 दिया गया है कि $103^{0.2} = x$, $103^{0.43} = y$ और $x^z = y^6$ है, तो z का मान ____________ के निकटतम है।

Ans
- ✗ 1. 12.45
- ✓ 2. 12.9
- ✗ 3. 14.16
- ✗ 4. 11.74

Q.11 यदि पहली संख्या का 40%, दूसरी संख्या के $\frac{2}{7}$ वें भाग के बराबर है, तो पहली संख्या का दूसरी संख्या से अनुपात कितना है?

Ans
- ✓ 1. 5 : 7
- ✗ 2. 1 : 9
- ✗ 3. 4 : 8
- ✗ 4. 8 : 4

Q.12 ₹4,000 की धनराशि पर 7.5% वार्षिक दर से 12 फरवरी 2024 से 13 अप्रैल 2024 तक की अवधि का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 48
- ✓ 2. 50
- ✗ 3. 49
- ✗ 4. 51

Q.13 यदि 6 अंकों की संख्या N29M11, 11 से विभाज्य है, तो नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, M और N के बीच संभावित सही संबंध दे सकता है?

Ans
- ✗ 1. M + N = -7
- ✓ 2. M - N = 7
- ✗ 3. M - N = 1
- ✗ 4. M = N

Q.14 किसी संख्या में 100% की वृद्धि करने पर 2800 प्राप्त होता है। संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 1400
- ✗ 2. 4200
- ✗ 3. 700
- ✗ 4. 2800

Q.15 4 वर्ष पहले, एक पिता की आयु उसके पुत्र की आयु के दोगुने से 37 वर्ष अधिक थी। अब से कितने वर्ष बाद, उसकी आयु उसके पुत्र की आयु की दोगुनी हो जाएगी?

Ans
- ✗ 1. 30
- ✗ 2. 35
- ✗ 3. 31
- ✓ 4. 33

Q.16 प्रथम 154 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 155.5
- ✓ 2. 155
- ✗ 3. 154.5
- ✗ 4. 156

Adda247

**Q.17** एक व्यक्ति एक दर्शनीय स्थल तक पैदल जाता है और अपनी कार से नियत चाल बनाए रखते हुए प्रारंभिक बिंदु पर वापस आता है तथा इस प्रकार, उसे कुल 5 घंटे 30 मिनट का समय लगता है। उसे दोनों ओर कार से जाने में 3 घंटे कम समय लगता है। समान पैदल चाल से दोनों ओर जाने में उसे कितना समय लगता है?

Ans
- ✗ 1. 9 घंटे 30 मिनट
- ✗ 2. 8 घंटे 45 मिनट
- ✗ 3. 7 घंटे 15 मिनट
- ✓ 4. 8 घंटे 30 मिनट

**Q.18** एक वस्तु का अंकित मूल्य ₹4,000 है। इसपर 25% और 20% की दो क्रमिक छूटें दी जाती हैं। अंतिम मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. ₹2,600
- ✗ 2. ₹2,560
- ✓ 3. ₹2,400
- ✗ 4. ₹2,500

**Q.19** यश, 252 km की यात्रा 63 km/hr की चाल से करता है, अगली 891 km की यात्रा 99 km/h की चाल से करता है तथा उससे अगली 183 km की यात्रा 61 km/h की चाल से करता है। संपूर्ण यात्रा में उसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए। (अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)

Ans
- ✓ 1. 82.88
- ✗ 2. 88.59
- ✗ 3. 79.83
- ✗ 4. 84.55

**Q.20** मोहन और निशांत एक व्यवसाय शुरू करते हैं। मोहन 3 महीने के लिए निशांत से ₹89,000 अधिक निवेश करता है और निशांत 2 महीने के लिए निवेश करता है। ₹4,280 के कुल लाभ में से मोहन का हिस्सा, निशांत के हिस्से से ₹1,070 अधिक है। मोहन द्वारा निवेशित पूँजी ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. ₹8,20,000
- ✗ 2. ₹8,60,000
- ✓ 3. ₹8,90,000
- ✗ 4. ₹8,10,000

**Q.21** हिमांशी ने ₹199 में एक खिलौना खरीदा, उसे ₹9 की लागत से सजाया और खिलौने को ₹231 में बेच दिया। हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. $575\%$ लाभ
- ✓ 2. $\frac{575}{52}\%$ लाभ
- ✗ 3. $\frac{575}{52}\%$ हानि
- ✗ 4. $\frac{585}{52}\%$ हानि

**Q.22** लोकेश और मनोज किसी निश्चित कार्य को क्रमशः 11 और 15 दिनों में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने साथ मिलकर कार्य करना शुरू किया और 5 दिन बाद, मनोज ने कार्य छोड़ दिया। लोकेश शेष कार्य को कितने दिनों में पूरा करेगा?

Ans
- ✗ 1. $2\frac{2}{3}$
- ✓ 2. $2\frac{1}{3}$
- ✗ 3. $7\frac{2}{3}$
- ✗ 4. $7\frac{1}{3}$

Q.23 यदि ₹400 की राशि 5.5 वर्ष के लिए 16% वार्षिक ब्याज दर पर उधार ली जाती है, तो साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 452
✗ 2. 332
✓ 3. 352
✗ 4. 402

Q.24 पाइप A किसी टैंक को 11 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टैंक को 26 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टैंक को 12 घंटे में भर सकता है। यदि वे सभी एक-साथ चालू कर दिए जाएं, तो उसी टैंक को भरने में कितना समय लगेगा?

Ans
✓ 1. $4\frac{256}{365}$ घंटे
✗ 2. $7\frac{256}{365}$ घंटे
✗ 3. $10\frac{256}{365}$ घंटे
✗ 4. $11\frac{256}{365}$ घंटे

Q.25 संख्या 861616843 निम्नलिखित में से किससे विभाज्य है?

Ans
✗ 1. 36
✗ 2. 50
✗ 3. 47
✓ 4. 43

Q.26 पांच सदस्यों वाले उस परिवार का औसत वजन (kg में) कितना है, जिनका वजन 40 kg, 49 kg, 56 kg, 74 kg और 36 kg है?

Ans
✗ 1. 52
✗ 2. 53
✗ 3. 50
✓ 4. 51

Q.27 393 और 401 के बीच स्थित अभाज्य संख्याओं की संख्या, इन दोनों संख्याओं सहित ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 2
✗ 2. 7
✗ 3. 1
✗ 4. 3

Q.28 एक बेलनाकार छड़ का बाह्य वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 2200 $cm^2$ है। यदि छड़ की लंबाई 16 cm है, तो छड़ की बाह्य त्रिज्या (cm में) ज्ञात कीजिए। (उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित करें)

( $\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करें )

Ans
✗ 1. 23.29
✗ 2. 23.95
✓ 3. 21.88
✗ 4. 21.09

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.29 ABCD एक चतुर्भुज है जिसमें AB || DC है, तथा E और F क्रमशः विकर्णों AC और BD के मध्य बिंदु हैं। यदि AB = 45 cm, BC = 96 cm, DC = 53 cm, और AD = 37 cm है, तो EF की लंबाई (cm में) कितनी है?

Ans
✔ 1. 4
✘ 2. 5
✘ 3. 3
✘ 4. 7

Q.30 निम्नलिखित को सरल कीजिए।
$x(7x - 4) + 2(x^2 - 2) + 11$

Ans
✘ 1. $-9x^2 - 4x - 7$
✔ 2. $9x^2 - 4x + 7$
✘ 3. $-9x^2 - 4x + 7$
✘ 4. $9x^2 - 4x - 7$

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.1 रौफ़ बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 4 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है, फिर वह बाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 16 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
✔ 1. 7 km पूर्व की ओर
✘ 2. 5 km पश्चिम की ओर
✘ 3. 4 km दक्षिण की ओर
✘ 4. 6 km दक्षिण की ओर

Q.2 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) 6 & 3 * # 2 @ 4 # 1 & 8 £ Ω 5 * $ 7 % 9 (दाएँ)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है लेकिन ठीक बाद एक सम संख्या नहीं है?

Ans
✘ 1. दो
✘ 2. एक भी नहीं
✘ 3. एक
✔ 4. तीन

Q.3 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'
A − B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'
A × B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'
उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'Q + E − R × C ÷ D' है, तो Q का D से क्या संबंध है?

Ans
✘ 1. पुत्री
✔ 2. बहन की पुत्री
✘ 3. माता
✘ 4. बहन

Q.4 उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

BI-EK-GJ
EL-HN-JM

Ans
1. GO-LQ-NP
2. HO-KQ-MP
3. GO-KQ-NP
4. HO-KQ-NP

Q.5 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, एक निश्चित तरीके से FRUZ का संबंध IVXD से है। उसी तरीके से, RHGP का संबंध ULJT से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से ATPB का संबंध किससे है?

Ans
1. DFSE
2. DESW
3. DXFS
4. DXSF

Q.6 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

99 A 9 C 12 B 2 D 16 = ?

Ans
1. 19
2. 26
3. 35
4. 12

Q.7 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

CUTS - UCTS - CTSU
AVID - VAID - AIDV

Ans
1. RACK - RCAK - KCAR
2. LOAD - OLAD - DOAL
3. PLAY - LPAY - PAYL
4. JUTE - UJTE - UTEJ

Q.8 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

59 , 60 , 64 , 73 , 89 , ?

Ans
1. 113
2. 115
3. 116
4. 114

Q.9 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन: कुछ भारतीय, अमेरिकी हैं। कुछ अमेरिकी, चीनी हैं।

निष्कर्ष (I): कोई भी चीनी, अमेरिकी नहीं है।
निष्कर्ष (II): सभी भारतीय, चीनी हैं।

Ans
1. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं।
2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.10 सात बॉक्स, A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे हों।
B को नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है। B और E के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। C को B के नीचे किसी एक स्थान पर रखा गया है। E और F के बीच केवल A को रखा गया है। G को E के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है।
C और D के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
1. 3 ✗
2. 4 ✗
3. 2 ✗
4. 1 ✓

Q.11 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

22 26 32 40 50 ?

Ans
1. 70 ✗
2. 76 ✗
3. 84 ✗
4. 62 ✓

Q.12 सुमन अपनी कक्षा में शीर्ष से 22वें स्थान पर तथा नीचे से 13वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
1. 31 ✗
2. 34 ✓
3. 32 ✗
4. 33 ✗

Q.13 H, I, J, K, U, V और W एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। I के ठीक बाईं ओर पड़ोस में V बैठा है। J के ठीक बाईं ओर पड़ोस में H बैठा है। K के बाएं से दूसरे स्थान पर J बैठा है। I के बाएं से तीसरे स्थान पर W बैठा है। U के दाएं से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
1. V ✗
2. W ✓
3. K ✗
4. H ✗

Q.14 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

81 ? 36 21 11 6

Ans
1. 54 ✗
2. 56 ✓
3. 48 ✗
4. 52 ✗

Q.15 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. NJO ✓
2. LHN ✗
3. IEK ✗
4. FBH ✗

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.16 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) # © 8 4 5 % % 3 8 2 8 2 9 4 £ & % © # £ 1 * (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans
✔ 1. 2
✘ 2. 1
✘ 3. 4
✘ 4. 3

Q.17 सात बक्से A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। केवल A को D के ऊपर रखा गया है। केवल E को D और F के बीच रखा गया है। केवल B को G के नीचे रखा गया है। F के नीचे कितने बक्से रखे गए हैं?

Ans
✘ 1. 2
✔ 2. 3
✘ 3. 4
✘ 4. 1

Q.18 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

GDB OLJ WTR EBZ ?

Ans
✘ 1. HJM
✘ 2. HMJ
✘ 3. MHJ
✔ 4. MJH

Q.19 छह व्यक्ति, L, M, N, O, P और Q उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। P के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। Q, M के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। N, M का निकटतम पड़ोसी नहीं है। O, P के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। L के ठीक दाएं पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans
✘ 1. P
✘ 2. N
✔ 3. M
✘ 4. Q

Q.20 एक निश्चित कूट भाषा में, 'YORK' को '0834' और 'KRAY' को '3458' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' का कूट क्या होगा?

Ans
✘ 1. 3
✘ 2. 4
✔ 3. 5
✘ 4. 8

Q.21 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

ZWR VSN ROJ NKF ?

Ans
✘ 1. JGA
✘ 2. JHB
✔ 3. JGB
✘ 4. JHA

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.22 यदि संख्या 9238471 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे और दाएं से दूसरे अंकों का योग कितना होगा?

Ans
1. 7
2. 8
3. 10 ✔
4. 6

Q.23 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। उस संख्या-युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा इत्यादि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
16, 47
24, 71

Ans
1. 27, 101
2. 35, 104 ✔
3. 15, 62
4. 12, 45

Q.24 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

63 A 7 C 18 D 8 B 2 = ?

Ans
1. 5
2. 26
3. 18
4. 11 ✔

Q.25 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

49 A 7 C 24 D 8 B 2 = ?

Ans
1. 15 ✔
2. 28
3. 37
4. 21

Q.26 एक निश्चित कूट भाषा में, 'life is good' को 'tu ro na' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'she loves life' को 'ko ie na' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'life' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
1. ko
2. na ✔
3. tu
4. ie

Q.27 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. JNO
2. INN ✔
3. NRS
4. UYZ

Adda247

| | |
|---|---|
| Q.28 | राम, बिंदु A से चलना प्रारंभ करता है और पूर्व की ओर 5 km चलता है, फिर वह दाईं ओर मुड़ता है और 4 km चलता है। फिर वह दाईं ओर मुड़ता है और 5 km चलता है। फिर से, वह दाईं ओर मुड़ता है और 5 km चलकर बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A तक वापस पहुँचने के लिए उसे किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री मोड़ हैं।) |
| Ans | ✗ 1. पश्चिम<br>✗ 2. उत्तर<br>✗ 3. पूर्व<br>✓ 4. दक्षिण |

| | |
|---|---|
| Q.29 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथन में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br>कथन:<br>कुछ पेंटिंग, फ्रेम हैं।<br>सभी फ्रेम, डेकोरेटिव हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कुछ पेंटिंग, डेकोरेटिव हैं।<br>(II) सभी डेकोरेटिव, फ्रेम हैं। |
| Ans | ✓ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।<br>✗ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।<br>✗ 3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।<br>✗ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |

| | |
|---|---|
| Q.30 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✗ 1. SLO<br>✗ 2. WPS<br>✗ 3. QJM<br>✓ 4. UNR |

Adda247